<u>संदेश</u>

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

महिलाएं हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत होती हैं। वे सामाजिक व्यवस्था का मूल आधार हैं। भारत में भी, महिलाओं ने, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट भूमिका के साथ उन्होंने राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

फिर भी, भारत में महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में और सुधार लाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। हम सबको मिलकर महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा तथा सामाजिक आर्थिक जीवन में स्वाधीनता की दिशा में अनवरत प्रयास करते रहने होंगे क्योंकि ऐसा करके ही हम महिलाओं, विशेषकर बेटियों के, अधिक सक्रिय, सशक्त और सामर्थ्यवान बनने का मार्ग प्रशस्त करने में सक्षम हो सकेंगे।

आइए, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इस अवसर को हम सब महिला सम्मान, महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों के प्रति समर्पित करें और यह संकल्प लें कि महिलाओं की प्रगति में बाधा उत्पन्न करने वाली हर रीति-नीति के परिवर्तन में उनका सहयोग करेंगे।

****